संसद सदस्यों ने लाला लाजपत राय को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 28 जनवरी, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; केन्द्रीय संसदीय कार्य; कोयला और खान मंत्री श्री प्रहलाद जोशी; राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री ग़ुलाम नबी आज़ाद; संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रहलाद सिंह पटेल; वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य राज्य मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर तथा राज्य सभा के उप सभापति श्री हरिवंश के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर कई संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्यों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी श्रद्धांजलि दी।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित लाला लाजपत राय के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

लाला लाजपत राय के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 17 नवम्बर, 1956 को किया था।